दिनांक 24.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/खुर्सीपार शासकीय महाविद्यालय में निगम द्वारा डाले जा रहे कचरे की शिकायत मोहल्लेवासियों द्वारा महापौर से किये जाने पर महापौर ने जोन 04 को निर्देश देकर कचरे को हटवाया एवं स्थल निरीक्षण कर कहा कि महाविद्यालय शिक्षा का केन्द्र है इसकी पवित्रता एवं शुद्धता हमसब की जवाबदेही है।

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे महापौर देवेन्द्र यादव को वार्ड क्रमांक 35 के मोहल्लेवासियों ने महापौर से शिकायत की कि उक्त वार्ड में स्थित महाविद्यालय ग्राउंड में निगम द्वारा टेंचिंग प्वाईंट बना दिये जाने के कारण कचरों की भरमार और खेल परिसर का दुरूपयोग को लेकर समस्याओं से अवगत कराया, जिसे संज्ञान में लेते हुए महापौर ने तत्काल जोन 4 के स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सैमुअल से मोबाईल से संपर्क करते हुए उक्त शिकायत को लेकर नाराजगी जताई।

प्रातः पहली प्राथमिकता के तौर पर निगम की जेसीबी, कर्मचारियों की मदद से उक्त मैदान की पूर्ण सफाई किये जाने निर्देश दिए और प्रातः स्वयं मोहल्लेवासियों के साथ पहूंच निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने भविष्य में उक्त परिसर के स्वच्छता व्यवस्था दुरूस्त रखने अधिकारियों को निर्देश दिये, और कचरा न डाले जाने हेतु मोहल्लेवासियों से भी अपील किया।

ग्राउंड के बाउंड्रीवाल से लगे नाली निकासी जो कि पूरी तरह जाम पड़ी हुई है। उसकी सफाई करते हुए दूरूस्त नाली पानी निकासी की व्यवस्था बनाये रखने कहा। इस वार्ड निरीक्षण के दौरान जोन 4 के उप अभियंता एसपी साहू उप अभियंता बसंत साहू सहायक राजस्व अधिकारी हरचरण सिंह अरोरा, स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सैमुअल वार्ड के निवासी नरेन्द्र काटनवार, कोटेश्वर राव, प्रशांत, संगम यादव, सावंत आदि मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी